कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 23.06.2024

विषयः-चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 नफर शातिर चोर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा जनपद में होने वाली वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं चोरी गयी सम्पत्ति की बरामदगी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 23.06.2024 को लंका पुलिस द्वारा लौटूबीर मन्दिर के पास से 01 नफर अभियुक्त सुनील गुप्ता पुत्र त्रिलोकी गुप्ता निवासी S 18/54 कुन्ती विहार कालोनी, सारंग तालाब, थाना जैतपुरा वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 23.06.2024 को थाना लंका पुलिस टीम द्वारा गश्त, वाहन चेकिंग एवं तलाश वांछित के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर लौटूबीर मन्दिर के पास से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गयी। दौराने पूछताछ ज्ञात हुआ कि उपरोक्त मोटरसाइकिल चोरी की है जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पूर्व में अभियोग पंजीकृत है।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ पर बता रहा है कि साहब ये मोटर साइकिल चोरी की है, जिसे अपने आर्थिक लाभ हेतु चुराकर औने- पौने दाम में बेचने का प्रयास कर रहा था तथा पकड़े जाने के भय से भाग रहा था कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. सुनील गुप्ता पुत्र त्रिलोकी गुप्ता निवासी S 18/54 कुन्ती विहार कालोनी, सारंग तालाब, थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र 23 वर्ष।

विवरण बरामदगी

1. एक अदद मोटरसाइकिल सुपर स्पेलेण्डर संख्या UP 61 BD 4788 सम्बन्धित मु0अ0स0 0232/24 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 23.06.2024 को लौटूबीर मन्दिर के पास से, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0स0 232/2024 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।

आपराधिक इतिहास-

2. मु0अ0सं0 272/2018 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना जैतपुरा, कमि0 वाराणसी ।
3. मु0अ0सं0 22/2023 धारा 379/ 411 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर, कमि0 वाराणसी।
4. मु0अ0सं0 168/2019 धारा 411/414 भा0द0वि0 थाना सारनाथ, कमि0 वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 337/2019 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 व 3(1)(घ) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधि0 थाना सारनाथ, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 रोहित त्रिपाठी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अमित कुमार शुक्ला, क्राईम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 वीरेन्द्र कुमार यादव, क्राईम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी